संख्या- 644/2024/1656/41-1-2024/23(सा0)/2024

प्रेषक,

मुकेश कुमार मेश्राम,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवामें,

महानिदेशक,
पर्यटन, उ0प्र0,
लखनऊ।

पर्यटन अनुभाग-1 लखनऊः दिनांकः 02 जुलाई, 2024

विषयः-प्रदेश के प्राचीन धरोहरभवनों (Heritage Buildings) को एडाप्टिव रि-यूज Adaptive Re-use के अन्तर्गत सार्वजनिक-निजी सहभागिता (पी0पी0पी0) मॉडल पर हेरिटेज पर्यटन इकाईयों के रूप में विकसित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-314/15-1-1740/ट्रै0ट्रे0/2022-23, दिनांक26-04-2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से प्रदेश के प्राचीन धरोहर भवनों (Heritage Buildings) को एडॉप्टिव रि-यूज Adaptive Re-use के अन्तर्गत सार्वजनिक-निजी सहभागिता (पी0पी0पी0) मॉडल पर हेरिटेज पर्यटन इकाईयों के रूप में विकसित किये जाने के सम्बन्ध में मा0 मंत्रि-परिषद् का अनुमोदन प्राप्त किये जाने हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है।

2- उत्तर प्रदेश प्राचीनकाल से भारत के उन राज्यों में से एक है जो सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों की दृष्टि से समृद्ध भारतीय इतिहास को परिभाषित करता है। पर्यटन के लिये महत्वपूर्ण इन धरोहरों के मामले में उत्तर प्रदेश भारत का सबसे महत्वपूर्ण राज्य भी है।अपनी गौरवशाली ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासतों तथा समृद्ध प्राकृतिक वन सम्पदा की दृष्टि से उत्तर प्रदेश में पर्यटन की असीम सम्भावनाएं विद्यमान हैं।भवन संरक्षण एवं पुरातात्विक अनुसंधान की आवश्यकताओं के लिए इन विरासत सम्पत्तियों को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण या राज्य पुरातत्व निदेशालय के अन्तर्गत निहित विधिक प्राविधानों द्वारा संरक्षित घोषित किया जाता है।प्रदेश में स्थित विरासत सम्पत्तियाँ समुचित अनुरक्षण के अभाव में क्षतिग्रस्त हो रही हैं। इनकी देख-रेख हेतु पर्याप्त मानव संसाधन नहीं होने के कारण इनमें लगी सामग्रियों की चोरी, भवन परिसर की क्षति, कचरा व झाड़-झंखाड़ एवं परिसर में असामाजिक तत्वों की अराजक गतिविधियों का केन्द्र बनता जा रहा है। इससे सरकार को कोई आर्थिक लाभ या राजस्व की प्राप्ति नहीं हो पा रही है तथा वर्तमान में स्थानीय नागरिकों एवं पर्यटकों के लिये भी ये उपयोगी नहीं हैं।

3- इस उद्देश्य से अनुकूली पुनः उपयोग Adaptive Re-use के अन्तर्गत निजी निवेशकों द्वारा 03 श्रेणियों (श्रेणी-।ए ठए ब्) के आधार पर श्रेणी-।में रू0 100.00 करोड़, श्रेणी-ठमें रू0 50.00 करोड़ तथा श्रेणी-ब्में रू0 30.00 करोड़ का न्यूनतम निवेश अनिवार्य होगा। इस परिकल्पना से प्रदेश सरकार के 01 ट्रिलियन डॉलर इकॉनोमी के लक्ष्य को प्राप्त करने में बहुत सहायता मिलेगी। उक्त के दृष्टिगत मा0 मंत्रि-परिषद् के अनुमोदनोपरान्त पर्यटन अनुभाग, उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या-541/2023/3559/41-2023/36(सा0)/2023, दिनांक 04 अगस्त, 2023 के माध्यम से निर्गत आदेशों के अनुपालन में प्रदेश के प्राचीन तथा विरासत भवनों को एडाप्टिव री-यूज ;।कंचजपअम त्म.नेमद्ध के अन्तर्गत सार्वजनिक-निजी सहभागिता (पी0पी0पी0) मॉडल पर हेरिटेज होटल, रिजॉर्ट, म्यूजियम, माइस (डप्ब्म्) एवं टूरिज्म

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.gov.in

हॉस्पिटेलिटी संबंधी आदि पर्यटन इकाईयों के रूप में विकसित संचालित कराये जाने हेतु दिनांक 21 सितम्बर, 2023 को समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित कराकर ई-टेण्डर पोर्टल पर आर0एफ0पी0 कम आर.एफ.क्यू.की ई-निविदाई-टेण्डर पोर्टल पर आमंत्रित की गयी, जिसकी तिथि बढ़ाकर दिनांक 08 नवम्बर, 2023 को निर्धारित की गयी।

4- उक्त प्रकाशित ई-निविदा के सापेक्ष निविदाकर्ताओं (बिडर्स) द्वारा कतिपय पृच्छायें एवं ई-निविदा खोलेजाने की अन्तिम तिथि बढ़ाये जाने के अनुरोध के दृष्टिगत उक्त प्रकाशित ई-निविदा खोले जाने की तिथि दिनांक 28 नवम्बर, 2023 तक बढ़ायी गयी। परिसम्पत्तियों की सूची निम्नवत् हैः-

- छत्तर मंजिल, लखनऊ
- चुनार किला मीरजापुर
- बरूआ सागर किला, झाँसी
- कोठी गुलिस्तां-ए-इरम तथा कोठी दर्शन विलास, लखनऊ
- कोठी रोशन-उद्-दौला, लखनऊ
- बरसाना जल महल मथुरा
- शुक्ला तालाब, कानपुर
- टिकैतराय बारादरी, बिठूर, कानपुर

5- अवगत कराना है कि उपरोक्त प्रकाशित ई-निविदा की प्री-बिड दिनांक 04 अक्टूबर, 2023 को समिति के समक्ष आयोजित की गयी। उक्त प्री-बिड बैठक में उपस्थित निविदाकर्ताओं तथा वर्चुअल माध्यम से जुड़े निविदाकर्ताओं द्वारा प्रकाशित आर0एफ0क्यू0 कम आर0एफ0पी0 के सापेक्ष पृच्छायें की गयी। जिसे सक्षम स्तर से अनुमोदनोपरान्त ई-टेण्डर पोर्टल पर अपलोड किया गया। उपरोक्त विरासत भवनों की ई-टेण्डर पोर्टल पर आमंत्रित आर0एफ0क्यू0 कम आर0एफ0पी0 की ई-निविदा को सक्षम स्तर से अनुमोदनोपरान्त दिनांक 18 अक्टूबर, 2023 से बढ़ाकर ई-निविदा खोले जाने की तिथि दिनांक 08 नवम्बर, 2023, दिनांक 08 नवम्बर, 2023 से बढ़ाकर दिनांक 28 नवम्बर, 2023, दिनांक 28 नवम्बर, 2023 से बढ़ाकर दिनांक 12-12-2023, दिनांक 12-12-2023 से बढ़ाकर दिनांक 09-01-2024 एवं पुनः दिनांक 09-01-2024 से बढ़ाकर 31-01-2024 को निर्धारित की गयी।

6- उक्त के क्रम में दिनांक 31-01-2024 को प्रदेश के प्राचीन तथा विरासत भवनों को एडाप्टिव Adaptive Re-use के अन्तर्गत पी0पी0पी0 मॉडल पर विकसित संचालित कराये जाने हेतु विकासकर्ता फर्म का चयन किये जाने हेतु तकनीकी निविदा पी0पी0पी0बी0ई0सी0 समिति के समक्ष खोली गई, जिस क्रम में पी0पी0पी0बी0ई0सी0 समिति की बैठक दिनांक 06-02-2024 के क्रम में पर्यटन अनुभाग, उ0प्र0 शासन के कार्यवृत्त संख्या-996/41-1-2023-36(सा0)/2023 दिनांक 12 मार्च, 2024 के माध्यम से अनुमोदन प्रदान किया गया। परिसम्पत्तियों की सूची निम्नवत् हैः-

- कोठी गुलिस्तां-ए-इरम तथा कोठी दर्शन विलास, लखनऊ
- कोठी रोशन-उद्-दौला, लखनऊ
- बरसाना जल महल मथुरा
- शुक्ला तालाब, कानपुर
- टिकैतराय बारादरी, बिठूर, कानपुर

7- उपरोक्त फर्मों से प्राप्त तकनीकी निविदा का मूल्यांकन विभागीय कन्सल्टेन्सी फर्म मेसर्स के.पी.एम.जी. द्वारा किया गया। तकनीकी निविदा के मूल्यांकन के उपरान्त उक्त 05 विरासत सम्पत्तियों के सापेक्ष प्राप्त निविदाओं की स्थिति निम्नवत तालिकानुसार है-

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

S.no.	Name of Heritage Property	Name of Bidder	Technical Score (Max. Marks-70)
1.	Kothi Gulistan-e- Eram & Kothi Darshan Vilas	Rajas Aerosports& Adventures Pvt Ltd in Consortium with JV Fit India Organic Pvt Ltd & Stok Palace Heritage Hotel.	55
2.	Kothi Roshan-ud-Daula	Golden Triangle Fort & Palace Pvt Ltd in consortium with Shiva Corp. India Ltd & Rajasthan Fort & Palace Pvt Ltd	70
		Rajas Aerosports& Adventures Pvt Ltd in Consortium with JV Fit India Organic Pvt Ltd & Stok Palace Heritage Hotel.	55
3.	Barsana Jal mahal	Redwood Holdings & Reality Services LLP in Consortium with Prasad Heritage Pvt Ltd &Eleganz Interiors Pvt Ltd.	60
		Rajas Aerosports& Adventures Pvt Ltd in Consortium with JV Fit India Organic Pvt Ltd & Stok Palace Heritage Hotel.	55
4.	Shukla Talab	Redwood Holdings & Reality Services LLP in Consortium with Prasad Heritage Pvt Ltd &Eleganz Interiors Pvt Ltd.	60
		Rajas Aerosports& Adventures Pvt Ltd in Consortium with JV Fit India Organic Pvt Ltd & Stok Palace Heritage Hotel.	55
5.	Tikait Rai Baradari	Rajas Aerosports& Adventures Pvt Ltd in Consortium with JV Fit India Organic Pvt Ltd & Stok Palace Heritage Hotel.	55

उक्त के क्रम में दिनांक05-03-2024 को प्रदेश के प्राचीन तथा विरासत भवनों को एडाप्टिव री-यूज Adaptive Re-use के अन्तर्गत पी0पी0पी0 मॉडल पर विकसित संचालित कराये जाने हेतु विकासकर्ता फर्म का चयन किये जाने हेतु तकनीकी प्रस्तुतीकरण तकनीकी प्रोजेक्ट रिव्यू समिति के समक्ष किया गया। प्रस्तुतीकरण के अवलोकनोपरान्त तकनीकी प्रोजेक्ट रिव्यू समिति द्वारा फर्मों को मूल्यांकन अंक दिये गये। तदोपरान्त विभागीय ट्रान्जेक्शन एडवाईजरी फर्म मेसर्स के.पी.एम.जी. द्वारा तकनीकी निविदा व तकनीकी प्रस्तुतीकरण की सम्मिलित मूल्यांकन रिपोर्ट तैयार कर उपलब्ध करायी गयी, जोकि निम्नवत् हैः-

<u>बरसाना जल महल मथुरा</u>

S.No	Bidder Name	Technical Marks (A) (70 Marks)	Technical Presentation (B) (30 Marks)	Total Technical Marks (C=A+B)
1.	Rajas Aerosports& Adventures Pvt Ltd in Consortium with JV Fit India Organic Pvt Ltd &Stok Palace Heritage Hotel.	55	10.8	65.8
2.	Redwood Holdings & Reality Services LLP in Consortium with Prasad Heritage Pvt Ltd &Eleganz Interiors Pvt Ltd.	60	26.2	86.2

<u>रौशन उद्-दौला-लखनऊ</u>

S.No.	Bidder Name	Technical Marks (A) (70 Marks)	Technical Presentation (B) (30 Marks)	Total Technical Marks (C=A+B)
1.	Golden Triangle Fort & Palace Pvt Ltd in consortium with Shiva Corp. India Ltd & Rajasthan Fort & Palace Pvt Ltd	70	25.9	95.9
2.	Rajas Aerosports& Adventures Pvt Ltd in Consortium with JV Fit India Organic Pvt Ltd &Stok Palace Heritage Hotel.	55	12.4	67.4

<u>शुक्लातालाब, कानपुर देहात</u>

S.No.	Bidder Name	Technical Marks (A) (70 Marks)	Technical Presentation (B) (30 Marks)	Total Technical Marks (C=A+B)
1.	Redwood Holdings & Reality Services LLP in Consortium with Prasad Heritage Pvt Ltd &Eleganz Interiors Pvt Ltd.	60	26.2	86.2
2.	Rajas Aerosports& Adventures Pvt Ltd in Consortium with JV Fit India Organic Pvt Ltd &Stok Palace Heritage Hotel.	55	11.2	66.2

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

9- प्रदेश के प्राचीन तथा विरासत भवनों को एडाप्टिव री-यूज Adaptive Re-use के अन्तर्गत सार्वजनिक-निजी सहभागिता (पी0पी0पी0) मॉडल पर हेरिटेज होटल, रिजॉर्ट, म्यूजियम, माइस (डप्ब्म्) एवं टूरिज्म हॉस्पिटेलिटी संबंधी आदि पर्यटन इकाईयों के रूप में विकसित संचालित कराये जाने हेतु मा0 मंत्रि-परिषद् द्वारा प्रदत्त अनुमोदन के अनुपालन में पर्यटन अनुभाग, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या-541/2023/3559/41-2023/36(सा0)/2023, दिनांक 04 अगस्त, 2023 द्वारा शासनादेश जारी किया गया है। उक्त शासनादेश एवं आर0एफ0पी0 कम आर0एफ0क्यू निविदा प्रपत्रों में प्रदत्त नियम एवं शर्तों के अनुसार तकनीकी निविदा एवं तकनीकी प्रस्तुतीकरण में 50 एवं अधिक अंक प्राप्त करने वाली फर्में वित्तीय निविदा खोले जाने हेतु अर्ह होंगी।

प्रश्नगत निविदा क्यू0सी0बी0एस0 के आधार पर निर्णित की जानी है। जिसमें ई-निविदा में प्रकाशित नियम एवं शर्तों के आधार पर तकनीकी निविदा में प्राप्त अंकों का 80 प्रतिशत वेटेज तथा वित्तीय निविदा में प्राप्त अंक का 20 प्रतिशत वेटेज दिया जाना है।

10- तत्क्रम में दिनांक 11-03-2024 को प्रमुख सचिव पर्यटन, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में प्रदेश के विरासत भवनों कोठी गुलिस्तां-ए-इरम व कोठी दर्शन विलास, लखनऊ तथा टिकैतराय बारादरी, बिठूर, कानपुर के सापेक्ष एकल निविदा प्राप्त होने के दृष्टिगत समिति द्वारा प्रतिस्पधात्मक रूप से उचित निविदा प्राप्त किये जाने के उद्देश्य से सर्वसम्मति से उक्त 02 विरासत भवनों की वर्तमान प्रचलित ई-निविदा को निरस्त करते हुए पुनः ई-निविदा किये जाने की संस्तुति सार्वजनिक निजी सहभागिता निविदा मूल्यांकन समिति Public Private Partnership Bid Evaluation Committee द्वारा की गयी।

11- उपरोक्त के अनुसार विरासत भवन कोठी रोशन-उद्-दौला, लखनऊ, बरसाना जल महल मथुरा व शुक्लातालाब, कानपुर देहात में प्रतिभाग करने वाली सभी निविदाकर्ता फर्मों द्वारा 50 से अधिक अंक प्राप्त किये तथा वित्तीय निविदा खोले जाने हेतु अर्ह पायी गयी, जिनकी वित्तीय निविदा दिनांक 11.03.2024 को पी0पी0पी0बी0ई0सी0 एवं प्रोजेक्ट रिव्यू समिति के समक्ष खोली गयी। तदोपरान्त विभागीय कन्सल्टेन्सी फर्म मेसर्स के.पी.एम.जी. द्वारा तकनीकी निविदा तकनीकी प्रस्तुतीकरण एवं वित्तीय निविदा की मूल्यांकन रिपोर्ट तैयार कर उपलब्ध करायी गयी, जोकि निम्नवत् हैः-

<u>बरसाना जल महल मथुरा</u>

QCBS - Combined Technical/Financial Evaluation										
Adaptive Reuse of the Heritage Property Barsana Jal Mahal, Mathura (U.P) on PPP Mode										
Bidder Name	**Technical Marks (A) (70 Marks)**	**Technical Presentation (B) (30 Marks)**	**Total Technical Marks (C=A+B)**	**Technical Score (Out of 100)**	**Technical Score 80%**	**Financial Quote By Bidders**	**Financial Score (Out of 100)**	**Financial Score 20%**	**Combined Evaluation Score (80:20)**	**RANK**
Rajas Aerosports& Adventures Pvt Ltd in Consortium with JV Fit India Organic Pvt Ltd & Stok Palace Heritage Hotel.	55	10.8	65.8	76.33	61.07	33,30,000	100.00	20.00	81.07	2
Redwood Holdings & Reality Services LLP in Consortium with Prasad Heritage Pvt Ltd & Eleganz Interiors Pvt Ltd.	60	26.2	86.2	100.00	80.00	15,22,100	45.71	9.14	**89.14**	1

<u>LIST OF SELECTED BIDDERS ON QCBS (80:20) BASIS.</u>

S.no.	Name of Property	Name of the Bidder	Rank	Annual Concession Fee

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

				(ACF)
1	**Barsana Jal Mahal, Mathura**	Redwood Holdings & Reality Services LLP in Consortium with Prasad Heritage Pvt Ltd &Eleganz Interiors Pvt Ltd.	**H1**	**INR 15,22,100**

रौशन उद्-दौला-लखनऊ

QCBS - Combined Technical/Financial Evaluation Adaptive Reuse of the Heritage Property Kothi Roshan-ud-Daula- Lucknow (U.P) on PPP Mode										
Bidder Name	**Technical Marks (A) (70 Marks)**	**Technical Presentation (B) (30 Marks)**	**Total Technical Marks (C=A+B)**	**Technical Score (Out of 100)**	**Technical Score 80%**	**Financial Quote By Bidders**	**Financial Score (Out of 100)**	**Financial Score 20%**	**Combined Evaluation Score (80:20)**	**RANK**
Golden Triangle Fort & Palace Pvt Ltd in consortium with Shiva Corp. India Ltd & Rajasthan Fort & Palace Pvt Ltd	70	25.9	95.9	100.00	80.00	9,00,000	27.03	5.41	**85.41**	1
Rajas Aerosports& Adventures Pvt Ltd in Consortium with JV Fit India Organic Pvt Ltd & Stok Palace Heritage Hotel.	55	12.4	67.4	70.28	56.23	33,30,000	100.00	20.00	76.23	2

LIST OF SELECTED BIDDERS ON QCBS (80:20) BASIS.

S.no.	Name of Property	Name of the Bidder	Rank	Annual Concession Fee (ACF)
1	Roshan udDaula, Lucknow	Golden Triangle Fort & Palace Pvt Ltd in consortium with Shiva Corp. India Ltd & Rajasthan Fort & Palace Pvt Ltd	H1	INR 9,00,000

शुक्लातालाब, कानपुर देहात

QCBS - Combined Technical/Financial Evaluation Adaptive Reuse of the Heritage Property Shukla Talab, Kanpur (U.P) on PPP Mode										
Bidder Name	**Technical Marks (A) (70 Marks)**	**Technical Presentation (B) (30 Marks)**	**Total Technical Marks (C=A+B)**	**Technical Score (Out of 100)**	**Technical Score 80%**	**Financial Quote By Bidders**	**Financial Score (Out of 100)**	**Financial Score 20%**	**Combined Evaluation Score (80:20)**	**RANK**
Redwood Holdings & Reality Services LLP in Consortium with Prasad Heritage Pvt Ltd & Eleganz Interiors Pvt Ltd.	60	26.2	86.2	100.00	80.00	3,02,050.00	100.00	20.00	100	**1**
Rajas Aerosports& Adventures Pvt Ltd in Consortium with JV Fit India Organic Pvt Ltd & Stok Palace Heritage Hotel.	55	11.2	66.2	76.80	61.44	1,08,000.00	35.76	7.15	68.59	2

LIST OF SELECTED BIDDERS ON QCBS (80:20) BASIS.

S.no.	Name of Property	Name of the Bidder	Rank	Annual Concession Fee (ACF)
1	**Shukla Talab, Kanpur**	**Redwood Holdings & Reality Services LLP in Consortium with Prasad Heritage Pvt Ltd &Eleganz Interiors Pvt Ltd.**	**H1**	**INR 3,02,050/-**

12- विभागीय कन्सल्टेन्सी फर्म मेसर्स के.पी.एम.जी. द्वारा तैयार की गयी उपरोक्त मूल्यांकन रिपोर्ट पर सार्वजनिक निजी सहभागिता निविदा मूल्यांकन समिति Private Partnership Bid Evaluation Committee का अनुमोदन प्राप्त किये जाने हेतु दिनांक 11-03-2024 को प्रमुख सचिव पर्यटन, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता पी0पी0पी0बी0ई0सी0 समिति की बैठक आयोजित की गयी। उक्त समिति द्वारा प्रदेश के प्राचीन तथा विरासत भवनों को एडाप्टिव री-यूज Adaptive Re-use के अन्तर्गत सार्वजनिक-निजी सहभागिता (पी0पी0पी0) मॉडल पर हेरिटेज होटल, रिजॉर्ट, म्यूजियम, माइस(MICE) एवं टूरिज्म हॉस्पिटेलिटी संबंधी आदि पर्यटन इकाईयों के रूप में विकसित व संचालित कराये जाने हेतु कोठी रोशन-उद्-दौला, लखनऊ, बरसाना जल महल मथुरा व शुक्लातालाब, कानपुर देहात की तकनीकी निविदा,

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

तकनीकी प्रस्तुतीकरण एवं वित्तीय निविदा पर अनुमोदन/संस्तुति सहित मा0 मंत्रि-परिषद् का अनुमोदन प्राप्त किये जाने की संस्तुति की गयी, जिस क्रम में पर्यटन अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या-1042, दिनांक 14 मार्च, 2024 द्वारा कार्यवृत्त जारी किया गया।

उपरोक्त संदर्भ में प्रदेश के प्राचीन तथा विरासत भवनों को एडाप्टिव री-यूज Adaptive Re-use के अन्तर्गत सार्वजनिक-निजी सहभागिता (पी0पी0पी0) मॉडल पर हेरिटेज होटल, रिजॉर्ट, म्यूजियम, माइस (MICE) एवं टूरिज्म हॉस्पिटेलिटी संबंधी आदि पर्यटन इकाईयों के रूप में विकसित व संचालित कराये जाने हेतु कोठी रोशन-उद्-दौला, लखनऊ, बरसाना जल महल मथुरा व शुक्लातालाब, कानपुर की तकनीकी निविदा, तकनीकी प्रस्तुतीकरण एवं वित्तीय निविदा पर मा0 मंत्रि-परिषद् का अनुमोदन प्राप्त किया जाना है।

13- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश के प्राचीन धरोहर भवनों (Heritage Buildings) को एडॉप्टिव रि-यूज Adaptive Re-use के अन्तर्गत सार्वजनिक-निजी सहभागिता (पी0पी0पी0) मॉडल पर हेरिटेज पर्यटन इकाईयों के रूप में विकसित किये जाने के सम्बन्ध में मा0 मंत्रि-परिषद् की बैठक दिनांक 25-06-2024 में निम्नलिखित निर्णय लिये गये हैं:-

(क) प्रदेश के प्राचीन तथा विरासत भवन कोठी रोशन-उद्-दौला, लखनऊ, बरसाना जल महलमथुरा व शुक्लातालाब, कानपुर देहात को एडाप्टिव री-यूज Adaptive Re-use के अन्तर्गत सार्वजनिक निजी सहभागिता (पी0पी0पी0) मोड पर विकसित व संचालित कराये जाने हेतु आर0एफ0क्यू0 (RFQ) कम आर0एफ0पी0 (RFP) कॉरिजेण्डम्स (Corrigendums) प्रपत्रों तथा शार्ट लिस्टेड निविदाकर्ता (बिडर्स) के सापेक्ष आर0एफ0पी0 की प्राप्त निविदाओं पर अनुमोदन।

(ख) आर0एफ0पी0 (RFP) कम आर0एफ0क्यू0 (RFQ) कॉरिजेण्डम्स (Corrigendums) एवं शासनादेश में उल्लिखित नियमों एवं शर्तों के आधार पर विरासत भवन बरसाना जल महल, मथुरा को एडाप्टिव री-यूज Adaptive Re-use के अन्तर्गत सार्वजनिक-निजी सहभागिता (पी0पी0पी0) मॉडल पर विकसित व संचालित कराये जाने हेतु फर्म Redwood Holdings & Reality Services LLP in Consortium with Prasad Heritage Pvt Ltd &Eleganz Interiors Pvt Ltd धनराशि रू0 15,22,100 (रू0 पन्द्रह लाख बाईस हजार एक सौ मात्र) प्रति वर्ष (अनुबंध के अनुसार वृद्धि के साथ) की दर पर लीज पर दिये जाने के साथही एल0ओ0ए0 (Letter of Award) एवं चयनित फर्म तथा विभाग के मध्य अनुबंध किये जाने परअनुमोदन।

(ग) आर0एफ0पी0 (RFP) कम आर0एफ0क्यू0 (RFQ) कॉरिजेण्डम्स (Corrigendums) एवं शासनादेश में उल्लिखित नियमों एवं शर्तों के आधार पर विरासत भवन रोशन उद्दौला, लखनऊ को एडाप्टिव री-यूज Adaptive Re-use के अन्तर्गत सार्वजनिक-निजी सहभागिता (पी0पी0पी0) मॉडल पर विकसित व संचालित कराये जाने हेतु फर्म Golden Triangle Fort & Palace Pvt Ltd in consortium with Shiva Corp. India Ltd & Rajasthan Fort & Palace Pvt Ltd धनराशि रू0 900000/- (रू0 नौ लाख मात्र) प्रति वर्ष (अनुबंध के अनुसार वृद्धि के साथ) की दर पर लीज पर दिये जाने के साथ ही एल0ओ0ए0 (Letter of Award) एवं चयनित फर्म तथा विभाग के मध्य अनुबंध किये जाने पर अनुमोदन।

(घ) आर0एफ0पी0 (RFP) कम आर0एफ0क्यू0 (RFQ) कॉरिजेण्डम्स (Corrigendums) एवं शासनादेश में उल्लिखित नियमों एवं शर्तों के आधार पर विरासत भवन शुक्लातालाब, कानपुर देहात को एडाप्टिव री-यूज Adaptive Re-use के अन्तर्गत सार्वजनिक-निजी सहभागिता (पी0पी0पी0) मॉडल पर विकसित व संचालित कराये जाने हेतु फर्म Redwood Holdings & Reality Services LLP in Consortium with Prasad Heritage Pvt Ltd &Eleganz

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

Interiors Pvt Ltd धनराशि रू0 3200050/- (रू0 तीन लाख दो हजार पचास रूपये मात्र) प्रतिवर्ष (अनुबंध के अनुसार वृद्धि के साथ) की दर पर लीज पर दिये जाने के साथ ही एल0ओ0ए0 (Letter of Award) एवं चयनित फर्म तथा विभाग के मध्य अनुबंध किये जाने पर अनुमोदन।

(ड) प्रकरण में आवश्यकतानुसार अग्रतर निर्णय लिये जाने हेतु मा0 मुख्यमंत्री जी को अधिकृत किया गया।

14- उपर्युक्त निर्णय के कार्यान्वयन से पूर्व निम्नलिखित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगाः-

(क) उक्त परियोजनाओं पर राज्य सरकार द्वारा कोई व्यय भार वहन नहीं किया जायेगा।

कृपया प्रश्नगत प्रकरण में मा0 मंत्रि-परिषद् द्वारा लिये गये निर्णयों के परिप्रेक्ष्य में अग्रतर कार्यवाही सुनिश्चित करें एवं कृत कार्यवाही से शासन को तत्काल सूचित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(मुकेशकुमार मेश्राम)
प्रमुख सचिव।

संख्या व दिनाँक तदैव
प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1 मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
2 अपरमुख्य सचिव, श्रीराज्यपाल, उ0प्र0 शासन।
3 अपरमुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन।
4 निजीसचिव, मा0 मंत्री जी, पर्यटनविभाग, उ0प्र0।
5 अपरमुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, वित्त विभाग/ न्याय विभाग/ नियोजन विभाग/अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग/राजस्व विभाग एवं संस्कृति विभाग, उ0प्र0 शासन।
6 निदेशक, पर्यटन, उत्तरप्रदेश, लखनऊ।
7 वित्तनियंत्रक, पर्यटननिदेशालय, लखनऊ।
8 गार्डफाइल।

आज्ञा से,

(संजीव कुमार श्रीवास्तव)
अनुसचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।